# पोषण पर कोडेक्स समिति का 44वाँ सत्र

**स्रोत: पीआईबी**

**भारत ने जर्मनी में पोषण एवं विशेष आहार उपयोग हेतु खाद्य पदार्थों पर कोडेक्स समिति (CCNFSDU) के 44 वें सत्र** में भाग लिया, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मानकों में महत्त्वपूर्ण योगदान मिला।

- **CCNFSDU,** कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन (CAC) की एक इकाई है, जो इन्फेंट (शिशु) फार्मूले, आहार अनुपूरक और चिकित्सा खाद्य पदार्थों **जैसे विशेष आहार खाद्य पदार्थों** के लिये वैश्विक मानकों को विकसित करने हेतु ज़िम्मेदार है।
    - खाद्य और कृषि संगठन (FAO) और विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा 1963 में स्थापित CAC, अपने **189 कोडेक्स सदस्यों (भारत सहित) के साथ उपभोक्ता स्वास्थ्य की रक्षा और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निर्धारित करता है।**
- CCNFSDU के 44 वें सत्र में भारत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रोबायोटिक्स पर मौजूदा खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)/विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के वर्ष 2001 और 2002 के दस्तावेज़ दो दशक पुराने हैं और वैज्ञानिक प्रगति के मद्देनजर उनमें संशोधन की आवश्यकता है।
- देश ने वैश्विक व्यापार को बढ़ाने के लिये **सामंजस्यपूर्ण विनियमनों का आह्वान किया।**
    - भारत ने कहा कि 6-36 महीने के व्यक्तियों के लिये **संयुक्त एनआरवी-आर मूल्य (Nutrient Reference Value-Requirement- NRV-R)** दो आयु समूहों **6-12 महीने और 12-36** महीने के औसत मूल्य की गणना करके निर्धारित किया जाना चाहिये, जिस पर समिति द्वारा विचार किया गया और सहमति व्यक्त की गई।
        - NRV-R वर्तमान वैज्ञानिक आँकड़ों के आधार पर पोषण सेवन के लिये सिफारिशें हैं, जो लक्ष्य समूहों या आबादी के लिये स्थापित की जाती हैं।

**और पढ़ें:** कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन (CAC)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-joins-44th-codex-nutrition-session